# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 02.01.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर".अमर उजाला, दैनिक जागरण, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।


### अमर उजाला–दि0 02.01.2026

**वीडीए उपाध्यक्ष ने दिया प्रशस्ति पत्र**

**वाराणसी।** मानचित्र स्वीकृति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जोनल और जेई को प्रशस्ति पत्र दिया गया। सोमवार को वीडीए सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने दिसंबर में सर्वाधिक और त्वरित रूप से ऑनलाइन मानचित्र स्वीकृत करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक ऑनलाइन मानचित्र स्वीकृत करने के लिए अपर नगर नियोजक/जोनल अधिकारी सौरभ जोशी, अवर अभियंता जय प्रकाश गुप्ता, प्रिया अग्रहरी, जोन-3 के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश, एसोसिएट इंजीनियर सुशील कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्यूरो

### दैनिक जागरण–दि0 02.01.2026

**अवैध निर्माण में संलिप्त मिलने वाले कर्मी होंगे बाहर : उपाध्यक्ष**



जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति को प्रशस्ति पत्र देते वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा (बाएं से दूसरे) • स्रोत-वीडीए

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने गुरुवार को दिसंबर माह में सर्वाधिक व त्वरित आनलाइन मानचित्र स्वीकृत करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अधिक मानचित्र स्वीकृत करने वाले अधिकारियों को और जिम्मेदारी वहीं लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसकी मानीटरिंग हो रही है। अवैध निर्माण में लापरवाही बरतने और संलिप्तता मिलने वाले कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। दिसंबर माह में सर्वाधिक आनलाइन मानचित्र स्वीकृत करने के लिए जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश एवं एसोसिएट इंजीनियर सुशील कुमार, अपर नगर नियोजक व जोनल अधिकारी सौरभ जोशी, अवर अभियंता जयप्रकाश गुप्ता, प्रिया अग्रहरि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वीडीए सचिव डा. वीपी मिश्रा, अपर सचिव गुड़ाकेश शर्मा, प्रभात कुमार आदि थे।

## न्यायाधीश—दि0 02.01.2026

### उपाध्यक्ष वाविप्रा पुर्ण बोरा द्वारा मानचित्र स्वीकृति में उत्कृष्ट कार्य के लिए जोनल व जेई को प्रशस्ति पत्र प्रदान



वाराणसी । वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में 01.01.26 को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष महोदय श्री पुर्ण बोरा द्वारा दिसंबर माह में सर्वाधिक एवं त्वरित रूप से ऑनलाइन मानचित्र स्वीकृत करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।उपाध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध सेवाएं आम नागरिकों को उपलब्ध कराना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन मानचित्र स्वीकृति प्रणाली से आमजन को राहत मिली है तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है। इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे अन्य अधिकारी भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित हों।कार्यक्रम के अंत मेउपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियोंनेप्राधिकरण की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।मौजूद बैठक में सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव महोदय गुडकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार,श्रीमती सुनीता गुप्ता व संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## तरूणमित्र न्यूज—दि0 02.01.2026

### वीसी पुर्ण बोरा ने मानचित्र स्वीकृति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जोनल व जेई को प्रशस्ति पत्र किया प्रदान

**कहा शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध सेवाएं आम नागरिकों को उपलब्ध कराना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता**

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने दिसंबर माह में सर्वाधिक एवं त्वरित रूप से ऑनलाइन मानचित्र स्वीकृत करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समारोह के दौरान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।वीसी ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध सेवाएं आम नागरिकों को उपलब्ध कराना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन मानचित्र स्वीकृति प्रणाली से आमजन को राहत मिली है तथा भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है। इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे अन्य अधिकारी भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित हों। इस अवसर पर दिसंबर माह में सर्वाधिक ऑनलाइन मानचित्र स्वीकृत करने के लिए अपर नगर नियोजक/जोनल अधिकारी सौरभ जोशी, अवर अभियंता जय प्रकाश गुप्ता, प्रिया अग्रहरी, जोन-3 के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति, अवर अभियंता रविन्द्र प्रकाश एवं एसोसिएट इंजीनियर सुशील कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वीडीए उपाध्यक्ष ने सभी सम्मानित अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी प्रकार समर्पण, पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ कार्य करते हुए आमजन को बेहतर सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। बैठक में वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, सुनीता गुप्ता व संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते वीडीए वीसी पुर्ण बोरा। सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा व अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा रहे मौजूद